**NEWS CLIPPING: 21.07.2020**


## NAVBHARAT TIMES

**सुविधा** यूनिवर्सिटी ने शैक्षणिक सत्र 2020-21 में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की तारीख बढ़ाई

# जेसी बोस में नहीं होगी प्रवेश परीक्षा, मेरिट पर मिलेगा दाखिला

■ एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद

जेसी बोस यूनिवर्सिटी ने शैक्षणिक सत्र 2020-21 में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की तारीख बढ़ा दी है। अंडर ग्रेजुएट व पोस्ट ग्रेजुएट के अलग-अलग कोर्सेज में दाखिले के लिए अब 15 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं। यूनिवर्सिटी ने यूजी व पीजी कोर्सेज में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा प्रक्रिया को भी रद्द करने का निर्णय लिया है। कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को समीक्षा बैठक में यह फैसला लिया गया। बैठक में पीएचडी कोर्सेज में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तारीख 15 सितंबर तक बढ़ दी गई है। इसके अलावा यूनिवर्सिटी ने मौजूदा छात्रों के लिए अकादमिक कैलेंडर भी जारी किया है। निदेशक एडिमशन्स डॉ मनीश गर्ग ने कहा कि लगभग सभी प्रमुख बोर्डों के 12वीं क्लास के परिणाम पहले ही घोषित किए जा चुके हैं, जो बचे हैं वह एक-दो दिन में घोषित किए जाने हैं। इसलिए अब यूनिवर्सिटी के पास छात्रों को दाखिल करने के लिए प्रवेश परीक्षा के अलावा एक अन्य विकल्प उपलब्ध है। इसलिए प्रवेश परीक्षा आयोजित करने के बजाय बोर्ड परीक्षा में प्राप्त अंकों की मैरिट के आधार पर दाखिला किया जा सकता है, जिससे छात्रों को राहत मिलेगी। बैठक में निर्णय लिया गया कि एमएससी, एमबीए व एमए जैसे पीजी कोर्सेज में दाखिला योग्यता परीक्षा के अंकों की मैरिट के आधार पर किया जाएगा। हालांकि, एमटेक कोर्सेज के दाखिले में गेट योग्यता को वरीयता दी जाएगी।




- यूजी व पीजी कोर्स के लिए 15 अगस्त तक कर सकते हैं आवेदन
- पीएचडी कोर्स में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तारीख 15 सितंबर तक की गई

### 27 नवंबर तक चलेगा सेमेस्टर

अकादमिक कैलेंडर के अनुसार विषम सेमेस्टर 20 जुलाई से शुरू होगा और 27 नवंबर 2020 तक चलेगा। यूनिवर्सिटी की तरफ से प्रैक्टिकल कक्षाओं का आयोजन 1 से 27 नवंबर तक किया जाएगा। फाइनल प्रैक्टिकल परीक्षाएं 1 दिसंबर से 7 दिसंबर तक आयोजित की जाएगी और लिखित परीक्षाएं 14 दिसंबर से शुरू की जाएगी। इसके बाद अगले सेमेस्टर को 11 जनवरी 2021 से निर्धारित किया गया है।

**NEWS CLIPPING: 21.07.2020**

## THE PIONEER

# जेसी बोस ने पाठ्यक्रमों में दाखिले की अंतिम तिथि 15 तक बढ़ाई

### अब दाखिलों के लिए नहीं होगी कोई प्रवेश परीक्षा योग्यता के आधार पर मिलेगा दाखिला



**पायनिर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जे.सी.** बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने शैक्षणिक सत्र 2020-21 के लिए विभिन्न स्नातक तथा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 15 अगस्त, 2020 तक बढ़ाने का निर्णय लिया है। विश्वविद्यालय ने स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा प्रक्रिया को भी रद्द करने का निर्णय लिया है।

इन पाठ्यक्रमों में दाखिला अब प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए आवश्यक योग्यता परीक्षा में प्राप्त अंकों की मेरिट के आधार पर किया जायेगा। इसी प्रकार, विश्वविद्यालय ने भी पीएचडी पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 सितंबर, 2020 तक बढ़ा दिया है। इसके अलावा, विश्वविद्यालय ने नये शैक्षणिक सत्र में मौजूदा विद्यार्थियों के लिए अकादमिक कैलेंडर की भी घोषणा की है। यह निर्णय सोम यहां कुलपति प्रो दिनेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में लिया गया। अकादमिक सत्र 2020-21 के लिए प्रवेश और अकादमिक कैलेंडर की समीक्षा के लिए आयोजित समीक्षा बैठक में विश्वविद्यालय के सभी डीन, चेयरपर्सन और अन्य संबंधित अधिकारियों ने भाग लिया। कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग भी बैठक में उपस्थित थे। निदेशक (एडमिशन्स) डॉ. मनीशा गर्ग ने बैठक में बताया कि अब विश्वविद्यालय के पास विद्यार्थियों को दाखिल करने के लिए प्रवेश परीक्षा के अलावा एक अन्य विकल्प और है।

**NEWS CLIPPING: 21.07.2020**

**HINDUSTAN**

# दाखिलों के लिए नहीं होगी प्रवेश परीक्षा




**फरीदाबाद | कार्यालय संवाददाता**

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए में शैक्षणिक सत्र 2020-21 के लिए विभिन्न स्नातक तथा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 15 अगस्त रहेगी। वहीं विश्वविद्यालय ने विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा प्रक्रिया को भी रद्द करने का निर्णय लिया है।

## बदलाव

- जेसी बोस विवि. में दाखिले के लिए 15 अगस्त तक आवेदन होंगे
- योग्यता के आधार पर मिलेगा अभ्यर्थी को दाखिला

**मेरिट सूची के आधार पर मिलेगा दाखिलाः** इन पाठ्यक्रमों में दाखिला अब आवश्यक योग्यता परीक्षा में प्राप्त अंकों की मैरिट के आधार पर किया जाएगा। इसी तरह विश्वविद्यालय ने भी पीएचडी पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 सितंबर, 2020 तक बढ़ा दिया है।

कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने प्रवेश और अकादमिक कैलेंडर की समीक्षा के लिए बैठक आयोजित की। इस बैठक में कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग भी बैठक में उपस्थित थे।

## एमटेक में गेट को मिलेगी मान्यता

निदेशक एडमिशन्स डॉ. मनीशा गर्ग ने बैठक में बताया कि 12वीं कक्षा के परिणाम जारी हो चुके हैं या होने वाले हैं। इसलिए विश्वविद्यालय के पास प्रवेश परीक्षा के अलावा एक अन्य विकल्प उपलब्ध है। इसलिए, प्रवेश परीक्षा आयोजित करने के बजाय बोर्ड परीक्षा में प्राप्त अंकों की मैरिट के आधार पर दाखिला किया जा सकता है, जिससे छात्रों को राहत मिलेगी। कुलपति ने कहा कि कोरोना महामारी के चलते इस बार दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा की प्रक्रिया को रद किया है। हालांकि, एमटेक पाठ्यक्रमों में दाखिले में गेट योग्यता को वरीयता दी जाएगी।

## नया सत्र 11 जनवरी से शुरू होगा

डीन अकादमिक डॉ. विकास तुर्क ने बताया कि प्रस्तावित अकादमिक कैलेंडर पर भी बैठक में चर्चा की गई तथा इसे स्वीकृत किया गया। अकादमिक कैलेंडर के अनुसार ऑड सेमेस्टर 20 जुलाई से शुरू होगा और 27 नवंबर तक चलेगा। प्रेक्टिकल कक्षाओं का आयोजन एक से 27 नवंबर तक किया जाएगा। फाइनल प्रेक्टिकल परीक्षाएं एक से 7 दिसंबर तक आयोजित की जाएगी और लिखित परीक्षाएं 14 दिसंबर से शुरू की जाएगी। इसके बाद, अगले सेमेस्टर की शुरुआत 11 जनवरी से होगी।